### एक नजर में




**शिक्षक संघ ने संकुल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा**

**सागर.** मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संघ ने तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संजय श्रीवास्तव संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरनगर को सौंपा. जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि तीन सूत्री मांग, शिक्षकों का पांच माह का एरिया, अतिथि शिक्षकों का वेतन भुगतान, परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बाद नवीन संवर्ग शिक्षकों का एरियर्स भुगतान की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर डीडी गोस्वामी, सुनील जैन, चंद्रभान ठाकुर, अंजलि जैन, डॉ रचना जैन, अर्चना उपाध्याय उपस्थित थे.



**केपटाउन में डॉ. गिडियन ने प्रस्तुति दी**

**सागर.** डॉ. नीना गिडियन का आविष्कार (ईजी गिडियन सुचर) फिगो विश्व कांग्रेस, (केप टाउन) साउथ अफ्रीका में प्रस्तुत किया गया. डॉ. गिडियन ने बताया कि जब इसे वहां प्रेजेंट किया जिससे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है. उनकी उपलब्धि पर डॉ सिरोठिया, डॉ अरुण सराफ, डॉ. संजीव मुखरया, डॉ. जीएस चौबे, डॉ. संजोत माहेश्वरी, डॉ. आईएस ठाकुर ने बधाई दी.



**पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में माही चयनित**

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय की छात्रा माही कर्ण को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए राज्य स्तरीय प्री आरडी कैंप के लिए चयनित किया गया. प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की छात्रा माही कर्ण को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में आयोजित चयन शिविर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु राज्य स्तर शिविर में चयन किया गया.



**राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता का दल रवाना**

**सागर.** राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता नर्मदापुरम हेतु सागर से 37 सदस्यीय दल शासकीय पं. रविशंकर शुक्ल स्कूल से रवाना हुआ. दल में 2 वादक भी है एवं स्टाफ है. रविशंकर स्कूल की छात्राओं ने संभागीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री के विद्यार्थी मूकबधिर नाटक एवं सुगम संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया था. रविशंकर स्कूल में प्राचार्य डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी ने राज्य स्तरीय दल को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया.



**बैटरी चोर से चोरी का सामान जप्त**

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने बैटरी चोर को बैटरी सहित गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी भागीरथ प्रजापति निवासी राजीवनगर वार्ड ने थाना मोतीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका ईंट का भट्ठा बम्होरी रेंगुवा में स्थित है. उन्होंने अपना ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 16 एए 7436 लगभग चार माह पूर्व कल्लू पटेल निवासी बम्होरी रेंगुवा के खेत के सामने खड़ा किया था. वहीं फरियादी को राजेश पटेल निवासी बम्होरी रेंगुवा ने सूचना दी कि उनके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर एक व्यक्ति ले जा रहा है. पुलिस ने आरोपी अर्जुन पटेल, उम्र 27 वर्ष, निवासी पीली कोठी के पास झुग्गियों में, थाना केंट को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की. आरोपी ने घटना को स्वीकार किया तथा चोरी की गई बैटरी कीमत 8000 बरामद की गई.



**मैराथन दौड़ का आयोजन**

**सागर.** मैं हूं अभिमन्यु-3 अभियान के अंतर्गत रक्षित केन्द्र (पुलिस लाइन) से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. इस मैराथन दौड़ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए एक सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना है.

# एप से ननि वाहनों की निगरानी

## नगर निगम के 50 से अधिक वाहनों पर एक पखवाड़े में हो रहा 6 लाख का ईंधन खर्च

**नवभारत न्यूज (अवनीश जैन)**

**सागर 12 अक्टूबर. बुंदेलखंड के सागर संभाग की एक मात्र नगर पालिक निगम में कर्मचारियों के वेतन देने के लिए बैंक से पांच करोड़ रुपए का ऋण लेने की नौबत आने पर निगमायुक्त ने बिजली और डीजल खर्च को सर्वाधिक बताया है.**

**आरटीआई में पार्षद को नहीं दी गई वाहनों की जानकारी**

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी बनने के बाद सागर में दो बड़े प्रोजेक्ट टाटा और सीवरेज का कार्य निजी कंपनियों को दिया गया है जो कि




संचालन और संधारण तो कर रही है मगर अनुबंध के अनुसार बिजली का बिल नगर निगम को ही भरना पड़ रहा है. जो कि शासन स्तर पर ही कट जाता है. मालूम हो कि पिछले दिनों नगर निगम कर्मियों ने वेतन को लेकर ज्ञापन और आंदोलन की चेतावनी दी तो निगम के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष बैठक में दीपावली के पूर्व वेतन देने के लिए पांच करोड़ रुपए का ऋण लेने की स्थिति आ गई है. वह भी बैंक में जमा एफडी के आधार पर बैंक द्वारा दिया जायेगा. बैठक में ही निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि स्मार्ट सिटी कार्यालय सहित दोनो प्रोजेक्टों का बिजली का अतिरिक्त भार और डीजल खर्च ज्यादा है. पिछले माह परिषद की बैठक में भी श्री खत्री जानकारी दे चुके हैं कि नगर निगम का स्थापना व्यय 82 प्रतिशत से अधिक है.

**कांग्रेस पार्षद ने मांगी निगम के वाहनों की जानकारी**

डॉ. हरीसिंह गौर वार्ड के कांग्रेस पार्षद शिवशंकर यादव द्वारा दो माह पूर्व सूचना के अधिकार के तहत निगम में लगे वाहनों की जानकारी मांगी गई थी जो कि आज दिनांक तक नहीं दी गई है. श्री यादव ने कहा कि प्राईवेट वाहनों की जानकारी सार्वजनिक होना चाहिए. तो वहीं निगम के प्रभारी हरेंद्र खटीक ने बताया कि पिछले कुछ माह से नगरीय प्रशासन के विभाग के माध्यम से ही निगम के वाहनों को पंजीकृत किया जा रहा है. जिसमें निगम के जो वाहन हैं वह दर्ज भी किए जा चुके हैं. पिछले वर्षों तक शासन के द्वारा निगम के वाहनों के लिए ईधन खर्च पर लगभग 3 करोड़ रुपए दिए जाते थे. वर्तमान में 15 दिनों में लगभग 6 लाख रुपए का ईधन वाहनों में भरा जा रहा है. श्री खटीक के अनुसार ही निगम के 44 वाहन और 12 वीआईपी वाहन है.

# अपात्र पशु पालकों को आवंटित प्लाटों को निरस्त किया गया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 अक्टूबर. डेयरी विस्थापन परियोजना में आवंटित प्लाटों की जांच उपरांत अपात्र पाए गए 180 प्लाटों के आवंटन को निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरस्त करने की कार्रवाई की.**

डेयरी विस्थापन परियोजना में आवंटित प्लाटों के संबंध में महापौर परिषद की बैठक बैठक में पारित प्रस्ताव क्रमांक-19 में निर्णय लिया गया कि डेयरी विस्थापन स्थल पर जिन्हें प्लाट आवंटित हुये हैं, परंतु वे डेयरी संचालन हेतु पशु लेकर नहीं गये हैं. ऐसे डेयरी मालिकों को नोटिस देकर उनका आवंटन निरस्त किया जाये, जांच उपरांत 180 डेयरी मालिक ऐसे पाये गये जिनका प्लाट आवंटन सूची में नाम था, परंतु उनके पास पशु नहीं थे और न ही उनके द्वारा डेयरी परिसर में शेड का निर्माण किया गया, जिससे स्पष्ट हैं कि उक्त आवंटित प्लांट निरस्त करने योग्य हैं.

> महापौर परिषद में पारित निर्णय अनुसार संबंधित डेयरी मालिकों को व्यक्तिगत रूप से नोटिस तामिल कराये गए थे. तत्पश्चात् डेयरी मालिकों द्वारा आज दिनांक तक डेयरी व्यवस्था क्षेत्र में न ही पशु विस्थापित नहीं किये गये और न ही शहरी क्षेत्र में उनके पास पशु हैं. उक्त 180 व्यक्तियों को व्यक्तिगत सूचना एवं आम सूचना तथा महापौर परिषद की बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार डेयरी परियोजना हफसिली में डेयरी मालिकों द्वारा भूखंड आवंटित पश्चात् डेयरी मालिकों द्वारा निर्माण एवं पशु लेकर नहीं किये जाने पर भूखंड आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव पारित किया गया.

# दो कर्मियों के भरोसे 180 हैंडपंप

**नवभारत न्यूज**

**गौरझामर 12 अक्टूबर. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 18 गांवो गौरझामर, फतेपुर, गुगवारा, सुजानपुर, सिमरिया, सिलारपुर, बेरखेरी, चरगुआं चक, चरगुआं, गंगवारा, सर्रा, पडरई, सोनपुर, भजिया, सरखेडा, जैतपुर कछ्या, बेरखेरी, बरकोटी आदि में लगे 180 हेंडपंपो के संधारण हेतु दो हेडपंप मेकेनिक व चार हेल्पर मुख्यालय पर पदस्थ थे.**

इनमें से चारो हेल्परों के अवकाश ग्रहण करने से मुख्यालय हेल्पर विहीन हो गया. अब यहां पर मात्र दो मेंकेनिक ही बचे है जो 180 हेण्डपंपो का संधारण कर रहे है. बिना हेल्पर के हेडपंपो के सुधारने में मेकेनिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. समय पर बिगड़ने हेंडपंपो को नही सुधारे जाने से लोगो को पेयजल संकट से जूझना पडता है. सरपंच, सचिव आदि ने शासन से मांग की है की रिटायरमेंट से रिक्त हुए हेल्पर के चारो पदों को समय सीमा में शीघ्र भरा जावे. जिससे आगामी समय में विशेषकर गर्मी के मौसम में जब लोग बिगड़े हेंडपंपो के कारण पीने के पानी के लिए परेशान होते है. उन्हे परेशान न होना पड़े और समय पर बिगड़े हुए हेंडपंपो को सुधारा जा सके.

# गणित विज्ञान प्रतियोगिता में दबदबा

**नवभारत न्यूज**

**रहली 12 अक्टूबर. प्रांत स्तरीय गणित विज्ञान मेला सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में आयोजित किया गया.**



बाल वर्ग वैदिक गणित प्रश्न मंच उपविजेता अक्षज मिश्रा, ऋषिकुमार प्रजापति, संकल्प बरोलिया, बाल वर्ग गणित प्रदर्श तृतीय, सूर्यांश पटेल, किशोर वर्ग वैदिक गणित प्रश्न मंच विजेता भावना कुर्मी, हर्षित बैरागी आकाश अग्निहोत्री, किशोर वर्ग गणित प्रदर्श प्रथम स्थान, रिंकी प्रजापति, तरुण वर्ग वैदिक गणित प्रश्न मंच उपविजेता, सौरभ लोधी, मोहित पांडे, देवेंद्र कुर्मी, तरुण वर्ग गणित प्रदर्श प्रथम स्थान,रौनक सिंह राजपूत, रितिक प्रजापति, तरुण वर्ग गणित प्रदर्श द्वितीय स्थान मुस्कान विश्वकर्मा, शिशु वर्ग विज्ञान मॉडल प्रथम स्थान देवांशु अहिरवार कक्षा पंचम बाल वर्ग विज्ञान प्रयोग प्रथम स्थान, रिया जैन, बाल वर्ग विज्ञान प्रदर्श द्वितीय स्थान शैलजा नेमा कक्षा षष्ठम किशोर वर्ग विज्ञान प्रयोग द्वितीय स्थान नयाशी जैन कक्षा दशम., तरुण वर्ग विज्ञान पत्र वाचन द्वितीय स्थान, आकांक्षा घोषी शामिल रहीं.

## जांच हेतु दल गठित

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर ने दीपावली तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर अनुविभाग स्तर पर विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया है. निरीक्षण दल में तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नापतौल निरीक्षक एवं थाना प्रभारी को शामिल किया गया है. यह दल अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर बाजारों, मिठाई की दुकानों, खाद्य प्रतिष्ठानों, गोदामों तथा परिवहन माध्यमों की निगरानी करेंगे. मावा एवं अन्य खाद्य पदार्थों की नमूना जांच, प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडर के उपयोग होने पर कार्यवाही एवं नापतौल संबंधी जांच कर विधिवत् कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें.

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन

**नवभारत न्यूज**

**बांदरी 12 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मंडल बांदरी में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**



पथ संचलन बस स्टेंड से मुख्य बाजार होते हुए नगर भ्रमण कर वापिस संघ परिसर में समाप्त हुआ, पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया और कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा एवं समाज के प्रति समर्पण की भावना का संदेश दिया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला संघ चालक संजीव जैन ने कहा कि राष्ट्र की सेवा ही सर्वोच्च कार्य है और अनुशासन, समर्पण तथा सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर चलते हुए ही राष्ट्र की प्रगति संभव है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह आयोजन न केवल शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने वाला रहा, बल्कि इससे युवाओं और स्थानीय समाज में संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी जागृत किया गया. इस पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अनुशासन और संगठन के महत्व को उजागर किया और समाज में सकारात्मक संदेश का संचार किया. पथ संचलन में नगर वासियों द्वारा टेंट लगाकर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया गया.

## रेस्टोरेंट में हुई चोरी

**सागर.** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानगंज राहतगढ आरओबी के बीच मे स्थित एक रेस्टोरेंट मे बीती रात अज्ञात चोर ने प्रवेश कर नगदी सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर भाग गए. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दाना पानी रेस्टोरेंट के संचालक संजय जैन ने लिखित आवेदन दिया है कि शनिवार-रविवार की रात मे अज्ञात चोर पीछे से अनाधिकृत प्रवेश कर एक एलईडी, 16 हजार 500 रूपए नगद, एक मोबाइल और मिक्सी चोरी कर ले गए है. संचालक के अनुसार दो वर्ष पूर्व भी चोरी का प्रयास किया गया था, पुलिस ने आवेदन पत्र जांच में ले लिया है.

# हस्ताक्षर अभियान किया प्रारंभ



**नवभारत न्यूज**

**बीना 12 अक्टूबर. सुपर मार्केट में कांग्रेस ब्लॉक एवं शहर सेवादल द्वारा हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया जिसमें अनेक लोगों ने हस्ताक्षर कर सरकार के खिलाफ विरोध जताया.**

ब्लॉक कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान जनमानस की आवाज है. शहर सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा में कोई समझौता नहीं होना चाहिए. अशोक परिहार ने कहा कि हम आपके हित में, देश के हित में संविधान बचाने यह अभियान चला रहे हैं. इस दौरान एड. कृष्णा केथोरिया, चौधरी अशोक साहू, विक्रांत गोलंदाज, सुखलाल बाबू, सत्यपाल पटेल, राम तालरेजा, कैलाश नीलम, अशोक सेन मौजूद थे.



# एनएसएस ओरियंटेशन कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 अक्टूबर. एनएसएस ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन बीटीआईआरटी में किया गया.**

मुख्य अतिथि आरसी प्रजापति, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित रहे. अध्यक्षता ग्रुप रजिस्टर डॉ. तरुण कुमार सिंह ने की. इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष संतोष जैन एवं सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन ने समस्त स्वयं सेवकों, स्टाफ को सेवा भाव के लिए संकल्पित रहने का आव्हान किया.

कार्यक्रम में डॉ. तरुण कुमार सिंह ने बच्चों को अनुशासन, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में बताया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले, एनएसएस अधिकारी इंजी. शेख शाहिद, इंजी. गजेंद्र सिंह, फर्स्ट ईयर डिपार्टमेंट हेड रामू मिश्रा, सिविल डिपार्टमेंट हेड इंजी. रागिनी मिश्रा, इंजी. गौरव खरे, इंजी. मेघा सोनी, इंजी. भूपेंद्र नामदेव, दीपक रैकवार और अन्य स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे.

## नपा की कार्रवाई

**रहली.** नगर पालिका परिषद कर्मचारियों ने मास मछली, मुर्गा जप्त कर नष्ट किया गया. सफाई दरोगा भरत पांडेय ने बताया की खुले में विक्रय करने वालों पर कार्यवाही की गई क्योंकि बार-बार समझाने के बाद भी दुकानदार मानते नहीं हैं और खुले रूप से विक्रय करते हैं. ऐसे 8 दुकानदारों पर कार्यवाही की गई. कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, नपा द्वारा नया मछली मार्केट का निर्माण कराया गया हैं जल्दी सभी मास मछली की दुकाने वहां शिफ्ट की जाएगी कार्रवाई टीम में कर्मचारी सुरेश, बंटी प्रेम, राजेंद्र, मिथुन ,विजय शामिल रहें. उल्लेखनीय है कि खुले में मास मछली विक्रय पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है. इसके बावजूद कुछ दुकानदार खुले में विक्रय कर रहें हैं. पहले सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई थी.

# पारित प्रस्ताव का क्रियान्वयन शीघ्र करें

## शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 अक्टूबर. पारित प्रस्ताव का क्रियान्ववन यथाशीघ्र करें, क्योकि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति द्वारा लिए गये निर्णय छात्राहित में होते है जिनका कार्य पालन यथाशीघ्र होना चाहिए.**

उक्त उद्गार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक में संयुक्त कलेक्टर सागर श्रीमती राजनंदनी शर्मा ने व्यक्त किए. जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने छात्राओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए नवीन वॉशरूम बनाये जाने पर विशेष जोर दिया. उन्होने पुराने वॉशरूम में रिनोवेशन के कार्य को प्राथमिता



से करने की पहल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया. उन्होने कहा कि इस कार्य में नगर विधायक का भी सहयोग प्राप्त होगा.

बैठक में प्रसाधन कक्षों का निर्माण रिनोवेशन ओल्ड होल का जीणोद्धार जैसे कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया. महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी ने पी.डब्ल्यू डी. विभाग से अतिशीघ्र प्राक्कलन और इस्टीमेट मंगाने हेतु पुनः पत्र भेजकर नगर विधायक के सहयोग से इस कार्य को करवाने का आग्रह समिति सदस्यों से किया. जनभागीदारी प्रभारी डॉ.पद्मा आचार्य ने बैठक के एजेंडा को प्रस्तुत किया. समिति सदस्य डॉ संजय खरे ने सभी के प्रति अभार व्यक्त किया. इस बैठक में डॉ अरविंद जैन, डॉ स्मिता दुबे, विनय मिश्रा, प्रासुक जैन, एस ए खान, डॉ नवीन गिडियन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही.

**तैयारियां** | **अब चीतों के तीसरे घर के रूप में भी जाना जायेगा अभयारण्य**

# वीरांगना रानी दुर्गावती नौरादेही में छलांग लगाएंगे नामीबियाई चीते

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 अक्टूबर. मप्र का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व, तीन जिलों में फैला है. विशाल जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान, भोजन के लिए पर्याप्त शाकाहारी जानवर यहां की पहचान है. उस वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व को अब चीतों के तीसरे घर के रूप में जाना जाएगा.**

चीता प्रोजेक्ट की कमान संभाल रही नोडल एजेंसी एनटीसीए से हरी झंडी मिलने के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व ने नए मेहमानों के स्वागत के लिए तैयारियां तेज कर दी है. मई माह में विशेषज्ञों के दल के दौरे के बाद दिए गए निर्देशों के आधार पर नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने चीतों को बसाने के लिए किए जाने वाले कामों के प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेज दिए हैं. विशेषज्ञों के दल ने 3 दिनों तक टाइगर रिजर्व का दौरा करने के बाद चीतों को बसाने कुछ महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश टाइगर रिजर्व को जारी किए थे. उसी कड़ी में टाइगर रिजर्व ने तैयारियां तेज कर दी है. नौरादेही में 2026 में चीतों को बसाने की तैयारी चल रही है. नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को बसाने की बात की जाए, तो 2010 में जब अफ्रीकन चीतों को भारत लाए जाने का फैसला किया गया था. तब मप्र के सबसे बड़े वन्य जीव अभ्यारण्य के रूप में जाने जाने वाले नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य का सर्वे किया गया था. इसी बात को ध्यान में रखते हुए नौरादेही को पहले राष्ट्रीय बाघ संरक्षण योजना में शामिल किया गया. फिर 2019 में नौरादेही में बाघ किशन और बाघिन राधा को छोड़ा गया.

> अक्टूबर 2022 में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का दर्जा दे दिया गया. फिलहाल यहां पर बाघों की संख्या 23 पहुंच चुकी है और दूसरे वन्यप्राणियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है. भविष्य की पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए यहां सुविधाएं विकसित की जा रही हैं और अब चीतों के तीसरे घर के रूप में पहचान दिए जाने की तैयारियां तेज हो गई है. चीतों के तीसरे घर के रूप में पहचान बनने के लिए आतुर नौरादेही टाइगर रिजर्व की बात करें, तो ये मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है. नौरादेही टाइगर रिजर्व से दो बड़ी नदियां बामनेर और व्यारमा है. इसके अलावा छोटे और बड़े करीब 6 तालाब हैं. चीता प्रोजेक्ट के विशेषज्ञों द्वारा जल स्रोत बढ़ाने और घास के मैदान विकसित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं. नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी का कहना है कि जब यही टाइगर रिजर्व नौरादेही वन्य जीव अभ्यारण्य हुआ करता था. तब ही 2010 में इसका चीते के तीसरे घर के रूप में चयन किया गया था. उसके तारतम्य में हमने चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी एनटीसीए को प्रस्ताव भेजे हैं.

## मजदूरों से भरा वाहन पलटा, 20 हुए घायल

**सागर.** गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत लुहागर के समीप मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन पलटने से 20 मजदूर घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि में सोयाबीन की कटाई कर वापिस घर लौट रहे मजदूरों से भरा वाहन पलट गया. जिसमें लगभग 20 मजदूर सवार थे. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और एंबूलेंस के माध्यम से गढ़ाकोटा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से सागर जिला चिकित्सालय रैफर किया गया.